## उनवान–सरकार बनाम अमरसिंह वगै.

**राजस्व ग्राम बॉंदीकुई जागीर स्थित खातेदारी भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने बाबत।**

निर्णय दिनांक:–29.05.2024

तहसीलदार बसवा ने राजस्व ग्राम बॉंदीकुई जागीर स्थित खातेदारी भूमि खसरा नं. 1583 एवं 1584 में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में गै. मु. रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्ताव पेश किया है। प्रस्ताव की ताईद में उपतहसीलदार (भू.अ.) उप तहसील बॉंदीकुई, भू.अ. निरीक्षक बॉंदीकुई एवं पटवारी हल्का बॉंदीकुई रिपोर्ट दिनांक: 02.11.21, खातेदारान का सहमति बाबत शपथ पत्र, राजस्व रिकार्ड जमाबंदी संवत 2075–78 ग्राम बॉंदीकुई जागीर खाता सं. नया 13 पुराना 150, संलग्न नक्शा ट्रेस जिसमें लाल स्याही से प्रस्तावित रास्ते को प्रदर्शित किया गया है, प्रस्तुत की है। उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में खातेदारी दर्ज रिकार्ड है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थीगण/खातेदारान जर्ये नोटिस विधिवत की गई। अप्रार्थीगण/खातेदारान राधेश्याम, मनोहर, कैलाश, कंचन उर्फ पप्पू पुत्रान रंगलाल की ओर से एड श्री नवलकिशोर बैरवा ने वकालतनामा पेश किया। अप्रार्थीगण द्वारा जवाब पेश नहीं करने पर जवाब बन्द किया गया। शेष अप्रार्थीगण/खातेदारान बावजूद तामील उपस्थित नहीं आने पर उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गयी। प्राप्त प्रस्ताव पर पैरोकार सरकार बहस सुनी। तहसीलदार बसवा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं रिपोर्ट दिनांक: 02.11.21, संलग्न राजस्व रिकार्ड जमाबंदी, खातेदारान का सहमति बाबत शपथ पत्र एवं नक्शा ट्रेस का अवलोकन किया। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राजस्व ग्राम बॉंदीकुई जागीर स्थित खातेदारी भूमि खसरा नं. 1583 एवं 1584 में से होकर मौके पर रास्ता चालू है जिसके संबंध में खातेदारान द्वारा शपथ पत्र में सहमति प्रकट की गई है तथा रिपोर्ट में उक्त खसरा नंबरान में से प्रस्तावित रास्ते को खातेदारी में रखते हुए गै. मु. रास्ता दर्ज करने बाबत निवेदन किया है। अतः तहसीलदार बसवा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव, संलग्न राजस्व रिकार्ड जमाबंदी, खातेदारान का सहमति पत्र एवं नक्शा ट्रेस के अवलोकन के आधार पर प्रस्तावित रास्ते का राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार बसवा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव, संलग्न राजस्व रिकार्ड जमाबंदी, खातेदारान का सहमति बाबत शपथ पत्र एवं नक्शा ट्रेस [illegible] आधार पर राजस्व ग्राम बॉंदीकुई जागीर स्थित खातेदारी भूमि खाता सं. नया 13 [illegible] 150 के [illegible] 1583 रकबा 0.43 हैक्ट. में से 0.0450 हैक्ट. एवं खसरा नं. 1584 रकबा [illegible] हैक्ट. में से [illegible] हैक्ट. भूमि संलग्न नक्शा ट्रेस में लाल स्याही से प्रदर्शित प्रस्तावित के अनुसार गै. मु. रास्ता [illegible] किये जाने के [illegible] दिये जाते हैं।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ram Singh Rajawat
Date: 2025.04.30 17:32:30 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
बांदीकुई

Scanned with OKEN Scanner

प्रस्तावित रास्ते की खातेदारी उक्त खाते में यथावत रहेगी। तहसीलदार बाँदीकुई नियमानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। पालना हेतु तहसीलदार बाँदीकुई को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(रामसिंह राजावत)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
बांदीकुई

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Singh Rajawat
Date: 2025.04.30 17:32:30 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| 5/4/24 | पत्रावली पेश हुई। [illegible] अप्रार्थीगण [illegible] सपन्न कुमार [illegible] बांदीकुई [illegible] केवल [illegible] जवाब पेश नहीं। जवाब बन्द किया जाता है। अप्रार्थीगण बावजूद तामील अनुपस्थित रहे। उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाती है। पत्रावली वास्ते बहस दि० 29/5/24 को पेश हो। 29/5/24 उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई |
| 5/29/24 | पत्रावली पेश हुई। पेशकार सरकार नायब तहसीलदार बांदीकुई उप०। पेशकार सरकार कस्बा तहसीलदार बांदीकुई / कस्बा द्वारा प्रस्तुत सुनी। तहसीलदार बांदीकुई / कस्बा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया। मुताबिक मौका रिपोर्ट प्रस्तावित रास्ता मौके पर चालू है परन्तु राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं है अतः तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं संलग्न दस्तावेजातों के अवलोकन के आधार पर प्रस्तावित रास्ते का राजस्व रिकार्ड में अंकन किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। प्रस्तावित रास्ते की खातेदारी [illegible] खाते में यथावत रहेगी। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। [illegible] पालना हेतु तहसीलदार बांदीकुई [illegible] जारी हो। पत्रावली [illegible] दाखिल दफ्तर हो। 29/5/24 उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई |

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Singh Rajawat
Date: 2025.04.30 17:32:30 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner